हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

---

वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के साथ हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू हो गया। 17 तारीख तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने और देशभक्ति तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।14 अगस्त को देश में विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाया जाएगा।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और 'हर घर तिरंगा' अभियान का आज राज्य स्तरीय शुभारंभ नारनौल से किया। मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ लगाई।

---

विश्व बैंक द्वारा प्रदेश को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'जल संरक्षित हरियाणा' परियोजना के अंतर्गत 5 हजार 714 करोड़ 80 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें से 4 हजार करोड़ रुपये का ऋण विश्व बैंक द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा और शेष 1हजार 714 करोड़ 80 लाख रुपये राज्यनिधि द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। इस परियोजना के तहत राज्य में क 48 लाख 94 हज़ार एकड़ में 15 क्लस्टर बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि 'जल संरक्षित हरियाणा' एक प्रमुख एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम है। इसके तहत वर्ष 2026 से 2032 तक छह वर्षों में विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से 2 हजार 484 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से 104 नहरों का पुनर्वास किया जाएगा।

सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से 620 खालों का पुनरुद्धार किया जाएगा, जिससे 3 लाख 18 हजार एकड़ भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा 120 नहर आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी जिससे 56830 एकड़ भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। साथ ही प्रदेश में 2 लाख एकड़ जलभराव वाली भूमि का सुधार किया जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार ने श्रीमती बंतो कटारिया को हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष और रोहतक की पूर्व महापौर रेणु डाबला को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

श्रीमती बंतो कटारिया पूर्व केंद्रीय मंत्री व अंबाला से सांसद रहे स्व. रतनलाल कटारिया की धर्मपत्नी हैं और अंबाला से लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं।वर्ष 1980 से लगातार भाजपा की सदस्य कटारिया देश के नवरत्नों में शामिल गेल की स्वतंत्र निदेशक भी रही हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को प्रदेश में सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण और मरम्मत के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे करने के निर्देश दिए हैं।वे चंडीगढ़ में 10 प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्ष 2025-26 के सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे

थे। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता और निर्माण कार्य की गति में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही न होने दी जाए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'हमारी सड़क' मोबाइल ऐप की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस ऐप पर आमजन द्वारा दर्ज कराई जाने वाली सड़कों के गड्ढों व क्षति से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किए गए मरम्मत कार्य की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से ऐप पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण या रिपोर्टिंग में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि जो ठेकेदार तय समय पर काम पूरा नहीं करेंगे उन पर जुर्माना लगाया जाएगा, जो गुणवत्ता मानकों की अनदेखी करेंगे उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और उन्हें काली सूची में डाला जाएगा।

---

भिवानी में कल जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों, वित्तीय व्यवस्था और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर कुल 13 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने से लेकर जिला परिषद के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तक कई अहम फैसले लिए गए।

भिवानी जिला परिषद की अध्यक्ष अनीता मलिक ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए तहसीलदारों को विशेष निर्देश दिए जाएंगे। इसके अलावा भारत भवन से जुड़े मामलों को सुलझाने और जिला परिषद की आय के नए एवं स्थायी स्रोतों को सुचारू करने संबंधी प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है।